INDIAN SCHOOL SOHAR **SET 2**

FORMATIVE ASSESSMENT 4

CLASS- VIII

Subject: Hindi **Time: 45 Minutes**

Date: 29-01-2014 **Marks: 25**

<u>सामान्य निर्देश</u> : (1) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले क्रमांक अवश्य लिखिए।
(2) कार्य स्वच्छता से कीजिए।
(3) सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

प्रश्न (1) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए। **5**

आज आदमी धन के पीछे अंधाधुंध दौड़ रहा है। पाँच रुपए मिलने पर दस,दस मिलने पर सौ और सौ मिलने पर हज़ार की लालसा लिए वह इस अंधी दौड़ में शामिल है। धन की इस दौड़ का कोई अंत नहीं। इसमें सभी पारिवारिक और मानवीय संबंध पीछे छूट गए। व्यक्ति सत्य -असत्य,उचित-अनुचित ,न्याय -अन्याय और अपने-पराए में फर्क को भूल गया है। उसके पास अपने परिवार के लिए भी समय नहीं। धन की लालसा व्यक्ति को गलत कार्य करने के लिए उकसाती है। इस लालसा का ही परिणाम है कि जगह-जगह अपराध बढ़ रहे हैं। इस मनोवृत्ति को बदलने के लिए हमें हर स्तर पर प्रयत्न करने होंगे।

(क) आज आदमी किस लालसा के कारण अंधी दौड़ में शामिल है?
(ख) इस दौड़ में वह क्या खो रहा है ?
(ग) धन की लालसा का क्या दुष्परिणाम है ?
(घ) पारिवारिक ,मानवीय - इन शब्दों के मूल शब्द ,प्रत्यय अलग कीजिए।
(ङ) इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्रश्न (2) निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन बनाइए। **1**

आकांक्षा , अध्यापक

प्रश्न (3) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बताइए। **1**

बाँस , हवा

प्रश्न (4) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए। 1

(i) कोई आदमी को बुलाओ।

(ii) मैं आपका दर्शन करने आया है।

प्रश्न (5) निम्नलिखित वाक्यों को कर्मवाच्य में बदलिए । 1

(i) लोकसभा ने मीराकुमार को सदन का अध्यक्ष चुना।

(ii) प्रधानाचार्य ने पुरस्कारों की घोषणा की।

प्रश्न (6) निम्नलिखित लोकोक्तियों को पूरा कीजिए। 1

लातों --------------------------------

चमड़ी --------------------------------

प्रश्न (7) निम्नलिखित वाक्यों के अलंकार भेद बताइए। 2

(i) तरनि तनुजा तट तमाल तरुवर बहु छाए ।

(ii) हाय फूल-सी कोमल बच्ची ,हुई राख की ढ़ेरी।

प्रश्न (8) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। 2

श्रोतागण , वंचित , दिवास्वप्न , गंतव्य

प्रश्न (9) निम्नलिखित वाक्यों को उचित मुहावरों से पूरा कीजिए। 2

(i) राम के वन से लौटने पर अयोध्यावासियों ने ------------------।

(ii) प्रथम श्रेणी प्राप्त कर अनुज की ----------------------------।

प्रश्न (10) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 9

(1) लोकसभा का समय बर्बाद न हो इसके लिए मीरा कुमार क्या करेंगी ?

(2) प्रीति किनकी जीवन शैली में परिवर्तन लाना चाहती है ?

(3) अपने किन गुणों के कारण प्रीति को सफलता मिली ?

(4) बाँसुरी की क्या आकांक्षा है ?